राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांक:पैरामेडि.कौं/परीक्षा/सत्र–2017–18/2018 110 दिनांक: 16.8.18

द्वारा : ई–मेल

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज,
राजस्थान।

विषयः– सत्र 2017–18 के अभ्यर्थियों के नामांकन (एनरोलमेंट) के क्रम में।
संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक पैरामेडि.कौं/2018/643 दिनांक 21.03.2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के माध्यम से समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज/संस्थानों से निर्धारित प्रारूप–1 एवं प्रारूप–2 में आपके कॉलेज/संस्थान में सत्र 2017–18 हेतु जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है, उनके पाठ्यक्रम तथा दस्तावेजों का विवरण मय मूल दस्तावेजों के मँगवाये गये थे।

सत्र 2017–18 की प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा का शीघ्र ही आयोजन किया जाना है, तद् हेतु निर्देशित किया जाता है कि :–

1. संलग्न प्रारूप "Application Form for Enrollment" में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में सम्बन्धित जानकारियॉ/सूचनाऐं भरवाकर कॉलेज के माध्यम से कार्यालय राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर को भिजवाये जायेगें।
2. "Application Form for Enrollment" में अभ्यर्थी के चस्पा नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो तथा बिन्दु सं0 15 में निर्धारित स्थान पर प्रधानाचार्य द्वारा मोहर सहित सत्यापित किया जायेगा।
3. प्रत्येक अभ्यर्थी के आवेदन पत्र के साथ उसके द्वारा जमा करवाये गये दस्तवेजों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।
4. आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा 500/– रूपयें का डिमाण्ड ड्राफ्ट, "रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल" के पक्ष में, जयपुर में देय हो, सलंग्न कराना सुनिश्चित करवायें (बिन्दु संख्या.15)। आपके कॉलेज/संस्थान के समस्त अभ्यर्थियों के डी.डी. का विवरण निम्न प्रारूप में भरकर, सत्यापित हार्ड प्रति कौंसिल कार्यालय में तथा सॉफ्ट कॉपी (एक्सेल शीट) में rajasthanparamedicalcouncilgov@gmail.com पर ई–मेल के माध्यम से भिजवाई जानी है।

Sr. No.	Name of student	Father's Name	Course Name	College Code	College Name	DD No.	Date	Issuing Bank Name	DD Amount

5. यदि किसी अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के सन्दर्भित पत्र के क्रम में प्रेषित अभ्यर्थियों के मूल–दस्तावेजों में अंकतालिका, माईग्रेशन प्रमाण–पत्र अथवा जाति प्रमाण पत्र इत्यादि कॉलेज/अभ्यर्थी द्वारा सलंग्न नही किये जा सके हों अथवा जमा करवाने के पश्चात् विभिन्न अपरिहार्य कारणों से लेकर गये हो और आज दिनांक तक कौंसिल कार्यालय में वापिस जमा नही करवाये गये हो, तो सम्बन्धित अभ्यर्थी के उक्त दस्तावेज सलंग्न कर भिजवाना सुनिश्चित करें। ऐसे प्रकरणों में सम्बन्धित छात्र/छात्रा से लिखित में अंडरटेकिंग लेवें। कॉलेज/संस्थान छात्र/छात्राओं को इस सम्बन्ध में अपने–अपने नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रदान करें तथा अन्य माध्यमों से भी सूचित करें।
6. एनरोलमेंट हेतु आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा में बैठने से वंचित रहने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान की स्वयं की होगी।

आपके कॉलेज/संस्थान के सत्र 2017–18 के अध्यनरत छात्र/छात्राओं के "Application Form for Enrollment" फार्म में उपरोक्त बिन्दुओं, 1से 6, की पालना सुनिश्चित करातें हुयें दिनांक **21 अगस्त 2018 तक इस कार्यालय को पहुँचाना सुनिश्चित करें।** सत्र 2017–18 के समयबद्ध प्रथम वर्ष परीक्षा आयोजन के मद्देनजर सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुये परीक्षा आयोजन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। आगामी परीक्षा आयोजन के विलम्ब के कारणों के लिये छात्रों के प्रति कॉलेज स्वयं जिम्मेदार होगें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(जयसिंह)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांक क्रमांक:पैरामेडि.कौं/परीक्षा/सत्र–2017–18/2018 110 दिनांक: 16.8.18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. निजी सचिव, रजिस्ट्रार, /टेलीफोन ऑपरेटर, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. सर्वर रूम (राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल) को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाईट पर आज ही अपलोड कराकर सूचित करें।
5. नोटिस बोर्ड, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. निजी एवं रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार